# एमपी में बेरोजगारी दर सबसे कम : सीएम

**उज्जैन,25 जनवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश आज विकास के नए-नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और देश में सबसे तेज गति से विकास करने वाले राज्यों में शामिल हो चुका है.**

उन्होंने हाल ही में हुए एक राष्ट्रीय सर्वे का हवाला देते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी दर देश में सबसे कम है, जो इस बात का प्रमाण है कि सरकार सभी वर्गों गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं और जरूरतमंदों को समान अवसर उपलब्ध करा रही है. डॉ. यादव रविवार को उज्जैन



में हरिफाटक पुल के चौड़ीकरण के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने बताया कि बीते एक वर्ष में 7.50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे हैं और आगामी सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन को दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक मेले के लिए पूरी तत्परता से तैयार किया जा रहा है.

मुख्यमंत्री ने 760.78 करोड़ रुपये की लागत से 15 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया, जिनमें हरिफाटक पुल तक 6 लेन रेलवे ओवर ब्रिज, 836 नए पुलिस आवास और 36 करोड़ रुपये की लागत से न्यू स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स शामिल हैं. वहीं 33 करोड़ रुपये के दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण भी किया गया.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ उज्जैन की पहचान है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं. उज्जैन की ओर आने वाले सभी प्रमुख मार्गों को 4 लेन और 6 लेन में परिवर्तित किया जाएगा. रेल सुविधाओं का भी विस्तार किया जा रहा है, जिससे उज्जैन एक प्रमुख रेलवे केंद्र के रूप में उभरेगा. उन्होंने बताया कि उज्जैन में मेडिसिटी, मेट्रो सिटी, साइंस सिटी, आईटी पार्क, न्यू टाउनशिप, शिप्रा नदी पर नए घाट, धार्मिक स्थलों का विकास और सामाजिक सुविधाओं के विस्तार की योजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याण और नागरिक सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ तथा सिटीजन फ्रेंडली बनाने का कार्य निरंतर जारी रहेगा.

इस अवसर पर राज्य स्तरीय मिशन कोमल स्पर्श का शुभारंभ उज्जैन संभाग से किया गया. इस मिशन के तहत नवजात एवं छोटे बच्चों के तलवों की जांच कर आनुवांशिक रोगों की पहचान की जाएगी और चिन्हित बच्चों का 18 वर्ष की आयु तक निःशुल्क उपचार किया जाएगा. यह अभियान मध्यप्रदेश सरकार और अरविंदो हॉस्पिटल इंदौर के सहयोग से संचालित होगा.



## एमपी पुलिस के 21 अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक की घोषणा

▸ इंदौर के पुलिस आयुक्त संतोष सिंह का भी चयन

**भोपाल,25 जनवरी. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मध्यप्रदेश पुलिस के उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्यों को मान्यता देते हुए 4 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक तथा 17 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सराहनीय सेवा पदक प्रदान करने की घोषणा की है. यह सम्मान आगामी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त 2026 को आयोजित अलंकरण समारोह में प्रदान किए जाएंगे.**

राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक जिन अधिकारियों को प्रदान किया जाएगा, उनमें पुलिस आयुक्त इंदौर संतोष कुमार सिंह, पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम जोन मिथिलेश कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुमार गोस्वामी तथा निरीक्षक शिव कुमार पटेल शामिल हैं. इन अधिकारियों को पुलिस सेवा में दीर्घकालीन, अनुकरणीय एवं विशिष्ट योगदान के लिए यह सम्मान दिया जा रहा है. सराहनीय सेवा पदक प्राप्त करने वालों में पुलिस महानिरीक्षक एवं सचिव गृह विभाग कृष्णावेणी देसावतु, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय, जोनल पुलिस अधीक्षक ग्वालियर गितेश कुमार गर्ग, पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त भोपाल दुर्गेश कुमार राठौर शामिल हैं.

### इन्हें भी प्रदान किया जाएगा पदक

इसके अतिरिक्त निरीक्षक/एआरएमआर प्रवीण सिंह, निरीक्षक/एआरएमआर राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, निरीक्षक/एआरएमआर निधि श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक संजय सिंह ठाकुर, निरीक्षक/एआरएमआर शैफाली टाकलकर, प्रधान आरक्षक श्रीराम मिश्रा, आरक्षक सुशील कुमार चौबे, उप निरीक्षक प्रेम किशोर व्यास, उप निरीक्षक उमराव प्रसाद जाटव, सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह नेगी, सहायक उप निरीक्षक संतोष मेहरा, आरक्षक रविंद्र मिश्रा तथा निरीक्षक/एआरएमआर राजू गुराने को भी सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया जाएगा. यह सम्मान मध्यप्रदेश पुलिस की कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा पूरे पुलिस बल के लिए प्रेरणास्रोत हैं.

## समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन, पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक

**भोपाल, 25 जनवरी. मध्यप्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 7 फरवरी से 7 मार्च तक किया जाएगा. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित अवधि में पंजीयन कराकर किसी असुविधा से बचें.**

इस वर्ष गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो पिछले वर्ष से 160 रुपये अधिक है. पंजीयन की निःशुल्क सुविधा ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय तथा सहकारी समितियों/विपणन संस्थाओं के पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी. वहीं एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे पर पंजीयन सशुल्क होगा, जिसमें अधिकतम शुल्क 50 रुपये निर्धारित है. पंजीयन के समय किसान को आधार कार्ड, अन्य फोटो पहचान-पत्र और भूमि संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा. सिकमी, बटाईदार, कोटवार और वन पट्टाधारी किसानों का पंजीयन केवल सहकारी केंद्रों पर होगा और उनका सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा.

## सहभागिता हर नागरिक का कर्तव्य : मंगुभाई

**भोपाल, 25 जनवरी. राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि देश की प्रगति और सशक्त लोकतंत्र के लिए नागरिकों की सक्रिय सहभागिता अनिवार्य है. लोकतंत्र की मजबूती का आधार ईमानदार, जागरूक और कर्तव्यनिष्ठ मतदाता होते हैं.**

उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना और मतदान करना नैतिक व संवैधानिक दायित्व है.

राज्यपाल पटेल रविवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के राज्य एवं जिला स्तरीय संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने मतदाता जागरूकता और



> इस अवसर पर राज्यपाल ने मतदाता शपथ दिलाई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, बूथ लेवल ऑफिसर्स और स्वयंसेवकों को सम्मानित किया. 18 वर्ष पूर्ण करने वाले 10 नव मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरित किए गए. कार्यक्रम में निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारी एवं अतिथि उपस्थित रहे.

समावेशन पर बल देते हुए दिव्यांगजनों, ट्रांसजेंडर समुदाय, वंचित वर्गों तथा ग्रामीण-शहरी मतदाताओं की भागीदारी के लिए नवाचार करने का आग्रह किया. साथ ही कारावास में बंद पात्र बंदियों को मताधिकार सुविधा देने हेतु नियमों के परीक्षण की आवश्यकता बताई.

राज्यपाल ने विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026 को गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और समयबद्ध रूप से संपन्न करने के लिए निर्वाचन आयोग की सराहना की. उन्होंने बताया कि भारत का इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस की अध्यक्षता करना देश के लिए गर्व का विषय है.

## 27 जनवरी को होगी बैंकों की हड़ताल

**07** हजार शाखाएं रहेंगी बंद

**40** हजार बैंक कर्मचारी हड़ताल पर होंगे

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 25 जनवरी. देशभर में मंगलवार को बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के चलते मध्यप्रदेश में भी बैंकों में कामकाज प्रभावित रहेगा.**

यह हड़ताल यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस, वित्त मंत्रालय और भारतीय बैंक संघ के बीच सुलह वार्ता विफल हाल में विफल होने के कारण हो रही है. हड़ताली कर्मचारियों की मुख्य मांग पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह करना और अन्य लंबित मांगों का निराकरण




है. यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस ने बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया है.

मध्यप्रदेश में इस हड़ताल का व्यापक असर पड़ने की आशंका है. हड़ताल के चलते प्रदेशभर में करीब 7 हजार बैंक शाखाएं बंद रह सकती हैं.

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के मध्य प्रदेश समन्वयक वी के शर्मा के अनुसार प्रदेश में लगभग 40 हजार बैंक कर्मचारी, चपरासी से लेकर शाखा प्रबंधक तक, हड़ताल में शामिल होने वाले हैं. यूनियन ने कहा कि कर्मचारियों की प्रमुख मांगों को लेकर लंबे समय से बातचीत चल रही थी, लेकिन समाधान नहीं निकल सका.

> **12 लाख 60 हजार का कारोबार होगा प्रभावित**
>
> हड़ताल के कारण एक ही दिन में प्रदेश में करीब 12 लाख 60 हजार करोड़ रुपये के बैंकिंग कारोबार के प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है. नकद लेनदेन, चेक क्लीयरेंस, ऋण वितरण और अन्य बैंकिंग सेवाओं पर असर पड़ सकता है, जिससे आम उपभोक्ताओं और व्यापारियों को परेशानी हो सकती है.

## चंदेरी में हितानंद शर्मा ने कार्यकर्ताओं संग सुनी 'मन की बात'


**भोपाल.** भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा ने अशोकनगर जिले की चंदेरी विधानसभा के बूथ क्रमांक-40 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों के साथ सामूहिक रूप से सुना. उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तुत विचारों को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि 'मन की बात' देशवासियों को सकारात्मक सोच, राष्ट्रनिर्माण और सामाजिक सहभागिता के लिए प्रोत्साहित करता है. प्रधानमंत्री ने समाजसेवा, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, युवाओं की भूमिका तथा सांस्कृतिक मूल्यों जैसे विषयों पर

## प्रदेश में बारिश और गरज-चमक का अलर्ट

### फिर बड़ा बदलाव लेने जा रहा है मौसम

**भोपाल,25 जनवरी. मध्यप्रदेश में मौसम एक बार फिर बड़ा बदलाव लेने जा रहा है. प्रदेश के आधे से अधिक जिलों में 27 और 28 जनवरी को बारिश एवं गरज-चमक का अलर्ट जारी किया गया है.**

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर-पश्चिम भारत को प्रभावित करने वाला स्ट्रॉन्ग वेस्टर्न डिस्टरबेंस अब मध्यप्रदेश में अपना असर दिखाएगा. इसके चलते प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए रहेंगे, हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक, कोहरा और ठंडी हवाएं चलने की



संभावना है.

इस पश्चिमी विक्षोभ का पहला असर ग्वालियर-चंबल संभाग में देखने को मिल रहा है, जहां बादल छाए हुए हैं और कई स्थानों पर हल्की बारिश तथा घना कोहरा दर्ज किया गया है. अगले दो दिनों तक प्रदेश में तेज ठंड से कुछ राहत मिलने की संभावना है, लेकिन जनवरी के अंतिम दिनों में एक बार फिर कड़ाके की ठंड लौटने के आसार हैं.

> पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहा. रतलाम, टीकमगढ़, पृथ्वीपुर (निवाड़ी), दतिया एवं गुना जिलों में शीतल दिन दर्ज किया गया. इस अवधि में उज्जैन, ग्वालियर और सागर संभागों में अधिकतम तापमान में 4.7 से 5.9 डिग्री सेल्सियस तक की विशेष गिरावट दर्ज की गई, जबकि भोपाल, इंदौर, चंबल और शहडोल संभागों में तापमान 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक कम हुआ.

## नहीं थम रहा दूषित पानी का कहर

**28** वीं मौत ने बढ़ाई चिंता

▸ चिकित्सकीय दस्तावेजों में उल्टी-दस्त की स्पष्ट पुष्टि नहीं

**इंदौर,25 जनवरी. शहर में दूषित पानी से फैली बीमारी ने एक और जान ले ली है. भागीरथपुरा क्षेत्र में हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं. रविवार को इलाज के दौरान एक बुजुर्ग की मौत के साथ ही इस संकट में जान गंवाने वालों की संख्या 28 तक पहुंच गई है.**

स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि चिकित्सकीय दस्तावेजों में उल्टी-दस्त की स्पष्ट पुष्टि नहीं हुई



है. जानकारी के मुताबिक भागीरथपुरा निवासी 75 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक राजाराम बौरासी की रविवार को सरकारी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में मौत हो गई. परिजनों ने बताया कि शुक्रवार को उन्हें अचानक उल्टी-दस्त की शिकायत शुरू हुई थी. हालत बिगड़ने पर पहले स्थानीय स्तर पर उपचार कराया, लेकिन आराम नहीं मिलने पर शनिवार सुबह उन्हें सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया.

### स्वास्थ्य विभाग का दावा अलग

दूसरी ओर, स्वास्थ्य विभाग ने मामले में अलग पक्ष रखा है. विभाग का कहना है कि उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार राजाराम बौरासी पहले से हृदय रोग से पीड़ित थे. वर्ष 2018-19 की एंजियोग्राफी रिपोर्ट में हार्ट डिजीज की पुष्टि है. इसके अलावा उन्हें हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्या भी थी. विभाग का दावा है कि उपलब्ध चिकित्सकीय दस्तावेजों में उल्टी-दस्त की स्पष्ट पुष्टि नहीं होती.

> **दो अभी भी गंभीर**
>
> फिलहाल दूषित पानी से बीमार 10 मरीज सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से चार को आईसीयू में है, इनमें एक महिला और एक पुरुष की हालत गंभीर बताई जा रही है.
>
> **सामाजिक और राजनीति में थे सक्रिय...**
>
> राजाराम बौरासी सिर्फ शिक्षक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहे. वे कांग्रेस के वार्ड अध्यक्ष थे और लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन विकास समिति व रेलवे पुलिस सुरक्षा समिति से भी जुड़े हुए थे. भागीरथपुरा में दूषित पानी से हालात बिगड़ने पर उन्होंने प्रशासन और स्थानीय रहवासियों के बीच समन्वय बनाने में अहम भूमिका निभाई थी.

## रिमांड पर हिन्दूवादी नेता पर हमला करने वाले आरोपी

**उज्जैन.** तराना में गुरूवार शाम हिन्दूवादी नेता पर हुये जानलेवा हमले के मामले में गिरफ्तार 6 आरोपियों को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया. हमले के बाद तनाव फैल गया था, तोडफ़ोड़, पथराव और आगजनी हुई थी. उक्त मामलों में भी 4 प्रकरण दर्ज किये जा चुके है. शुक्ला गली तराना में रहने वाले बजरंग दल के पूर्णकालिक सदस्य सोहिल ठाकुर पर गुरूवार शाम मंदिर के पास खड़े रहने की बात पर सपान मिर्जा, ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ हडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और नावेद ने हमला कर दिया था. उक्त मामले में सोहिल की शिकायत पर पुलिस ने सभी 6 लोगों पर जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था.

## अपहरण की साजिशें नाकाम | मध्यप्रदेश पुलिस की सतर्कता

**10** दिनों में 3 जिलों के मासूम व युवक सकुशल घर लौटे

**भोपाल, 25 जनवरी. मध्यप्रदेश पुलिस ने पिछले 10 दिनों में बैतूल, ग्वालियर और शिवपुरी जिलों में अपहरण के तीन गंभीर मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा कर पीड़ितों को सुरक्षित मुक्त कराया है.**

महिलाओं, बच्चों और युवाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने तकनीकी दक्षता, मुखबिर तंत्र और संयुक्त टीमों की तत्परता से आरोपियों को गिरफ्तार किया. बैतूल जिले में थाना कोतवाली पुलिस ने अपहरण कर फिरौती



मांगने के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए मोबाइल लोकेशन, तकनीकी साक्ष्य और मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम ठेमगांव क्षेत्र से अपहृत युवक को सकुशल बरामद किया. इस कार्रवाई में पुलिस चौकी खेड़ी सावलीगढ़ एवं थाना झल्लार की संयुक्त टीम ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया.

ग्वालियर जिले में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना गोला का मंदिर पुलिस ने मेले में अपहृत एक वर्ष के मासूम बच्चे को कुछ ही घंटों में सुरक्षित बरामद कर मानवता की मिसाल पेश की.

**निंदा** ▸ जीतू पटवारी ने भागीरथपुरा मामले में सरकार को फिर घेरा

## दूषित पानी से हुई मौतें आपराधिक लापरवाही

विशेष संवाददाता

**भोपाल,25 जनवरी. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने रविवार को इंदौर और महू में दूषित पेयजल से फैल रही बीमारियों और हो रही मौतों पर गहरा आक्रोश जताया. उन्होंने कहा कि यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जनता की जान के साथ किया जा रहा खुला अपराध है.**

पटवारी ने आरोप लगाया कि इंदौर में दूषित पानी पीने से अब तक 28 निर्दोष लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा सरकार ने न तो किसी



जिम्मेदार अधिकारी पर कार्रवाई की और न ही किसी प्रकार की जवाबदेही तय की. उन्होंने कहा कि सरकार की यह निष्क्रियता जनस्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उसकी असंवेदनशीलता को उजागर करती है.

महू का उल्लेख करते हुए पटवारी ने कहा कि वहां पेयजल की पाइपलाइनें सीवेज लाइनों के साथ बिछी होने के कारण घर-घर गंदा, बदबूदार और जहरीला पानी पहुंच रहा है. इसके चलते पिछले 10 से 15 दिनों में करीब 30 लोग पीलिया, हैजा और अन्य गंभीर संक्रमणों से पीड़ित हो गए हैं. उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक महीनों से शिकायतें कर रहे थे, लेकिन प्रशासन ने चेतावनियों को नजरअंदाज किया.

> जीतू पटवारी ने इसे भाजपा सरकार का असली चेहरा बताते हुए उस पर अहंकार, भ्रष्टाचार और मानव जीवन के प्रति घोर उदासीनता का आरोप लगाया. सरकार से सवाल करते हुए पटवारी ने पूछा कि इंदौर में 28 मौतों के बाद भी आखिर वह किस और कितनी बड़ी त्रासदी का इंतजार कर रही है. उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस जनता की जान से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं करेगी और तत्काल जवाबदेही तय करने की मांग की.



### खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**बैतूल.** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को पूर्व सांसद स्वर्गीय विजयकुमार खंडेलवाल की पुण्यस्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए. इस दौरान पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री सुधाकर पवार, विधायक डॉ. योगेश

## भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक से गुणवत्ता व समन्वय होगा मजबूत

**भोपाल, 25 जनवरी. उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए जटिल अनुमतियों को समाप्त कर उन्हें ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित करने का अवसर देगा.**

यह विधेयक संसद में प्रस्तुत किया गया है और देशवासियों से सुझाव मांगे जा रहे हैं. मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश से भी सही तथ्यों के साथ सुझाव जेपीसी तक पहुंचाए जाएं. उन्होंने शिक्षा में स्वायत्तता की आवश्यकता पर बल दिया, लेकिन इसे लक्ष्य-आधारित होना बताया. विधेयक में तीन



कार्यात्मक समितियाँ बनाने का प्रस्ताव है, जो शिक्षा की गुणवत्ता और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करेंगी. उच्च शिक्षा मंत्री परमार विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक-2025 पर आयोजित एक दिवसीय संविमर्श में बोल रहे थे, जिसका आयोजन मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग एवं विद्या भारती उच्च शिक्षा संस्थान ने किया.